**C**

**SL. No. : XX**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 21. 03. 2019 ]
[ Date : 21. 03. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ]
[ Max. Marks : 125

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।



Tear here

## विभाग "A"

### ( गद्य, पद्य, पूरक अध्ययन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. महात्मा गाँधीजी ने सत्याग्रह आश्रम की नींव कहाँ रखी ?
2. दिलावरखाँ और रहमानबेग को पुरुषोत्तम कहाँ बिठाते हैं ?
3. रुपए की झनझनाहट में क्या है ?
4. राष्ट्रपति ने विदेशी विद्वान को क्यों बुलाया ?
5. सिपाही ने सरायवाले को चवन्नी क्यों दी ?
6. मन्नू भण्डारीजी बचपन में कैसी थीं ?
7. सबके चलने पर पिछड़ा आदमी कहाँ रह जाता था ?
8. भ्रमर गुलाब के मूल में ही क्यों रुका रहता है ?
9. नेपोलियन किससे टकरा गया ?
10. जीवन में सफलता कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?
11. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं', वे सचमुच बहुत कम देखते हैं ।' हेलन केलर को ऐसा क्यों लगता है ?
12. आइन्स्टाइन के अनुसार आनेवाली पीढ़ियों में किस बात का आश्चर्य होगा ?
13. 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के लेखक का नाम क्या है ?
14. रहीम के अनुसार शरीर पर नियंत्रण कैसे रख सकते हैं ?
15. नेपोलियन और उसकी बहन के चरित्र में क्या अन्तर था ?
16. सुख प्राप्ति का सहायक कौन है ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. एशिया के एक प्रसिद्ध जीवन शास्त्री जिन्दगी के बारे में क्या कहते हैं ?
18. लोकगीतों के भाषा और भाव के बारे में लिखिए ।
19. लेखक नगेन्द्र भट्टाचार्य ने ग्राम्य जीवन का वर्णन कैसे किया है ?
20. कठियावाड़ तथा भारत को जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?
21. कोलकत्ता के आश्रम में कुत्ते ने कैसा बर्ताव किया था ?
22. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे वापस लौटाने की बात कही ?
23. जग का नवनिर्माण किस प्रकार करें ?

24. अफ्रीकावासी बेडेन पॉवेल को 'इम्पासी' कहकर क्यों पुकारते थे ?

25. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' इस कहावत का विवरण दीजिए ।

26. मैना दम्पति नाच-गान क्यों करते थे ?

27. पुराने रूसी साहित्य में लखक नगेन्द्र भट्टाचार्य ने क्या पढ़ा था ?

28. पहाड़ी लोकगीतों के बारे में लिखिए ।

29. अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखनेवाले लोग क्या-क्या कर सके हैं ?

30. पिछड़ा आदमी और दूसरे लोगों के खाना खाने का ढंग कैसा था ?

31. मानव किन-किन का शिकार बना है ?

32. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

III. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

33. ''जनाब, अब भी शक की कोइ गुंजाइश बाकी है ?''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

34. ''मर अभागे, तू मुझे और क्या-क्या दिखाएगा ?''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

35. ''ठाकुरजी बोलते नहीं, मैं बालता हूँ, उनसे बड़ा हूँ ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

36. ''गुरबत में हों हम, रहता है दिल वतन में ।''

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

37. ''जीवन को गुदगुदाने वाले कुछ क्षण भी जीवन में महत्वपूर्ण हैं ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

38. सबसे उधार माँगा सबने दिया ।

यों मैं जिया और जीता हूँ,

क्योंकि यही सब तो है जीवन ।

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

39. मन्नू भण्डारी :

i) जन्म-काल :

ii) कृतिया :

iii) अन्य जानकारियाँ :

40. वृन्द :

i) जन्म-काल :

ii) कृतियाँ :

iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

41. जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.......................................................................... गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.......................................................................... स्वजीवन सारा ।

VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

42. मुरझाये फूल में सुगंधि कौन ढूँढ़ेगा ?
बच्चे में कौन खोट देखेगा ?
हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर
फिर से सद्गुण कौन परखेगा ?
हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा ?
सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन
नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा ?

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं
शीत से बचने को जीर्ण वस्त्र हैं
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : 3 × 4 = 12

43. भ्रष्टाचार मिटाने के सिलसिले में साधु के उपाय का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार के बारे में क्या जानकारियाँ दीं ? स्पष्ट कीजिए ।

44. वेंकटरावजी के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

**अथवा**

आलूर वेंकटराव ने नूतन विद्यालय की स्थापना किस उद्देश्य से की ? स्पष्ट कीजिए ।

45. जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज़ ने क्या वर्णन किया ? बताइए ।

**अथवा**

पं० बिलवासी ने एक साधारण लोटे को अकबरी लोटा बताकर अंग्रेज़ को उसे पाँच सौ रुपयों में खरीदने को कैसे मजबूर किया ? स्पष्ट कीजिए ।

## विभाग "B"

## ( व्याकरण, अलंकार, छन्द )

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'बेटा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –
 (A) सुता (B) पुत्र
 (C) सखा (D) बच्ची ।

47. 'गरीब' शब्द का विलोमार्थक शब्द है –
 (A) गरीबी (B) अमीरी
 (C) धन (D) अमीर ।

48. 'गायक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –
 (A) गायिका (B) गायन
 (C) गायकी (D) गवैया ।

49. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –
 (A) खान (B) खिलवाना
 (C) खिलाना (D) खान-पान ।

50. 'उत्सुक' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है –
 (A) उत्साही (B) निरुत्साह
 (C) आसक्त (D) उत्सुकता ।

51. निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन शब्द है –
 (A) कोशिश (B) शरारत
 (C) चेष्टाएँ (D) सिक्का ।

52. 'मैंने पत्र लिखा' । इस वाक्य का वाच्य परिवर्तित रूप है –
 (A) मुझसे पत्र लिखा गया । (B) मुझसे पत्र लिखा जाता है ।
 (C) मुझसे पत्र लिखा जाएगा । (D) मुझसे पत्र लिखा जा रहा है ।

53. निम्नलिखित वाक्यों में वर्तमान काल है –
 (A) कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आया (B) राम रावण को मारता है
 (C) मीरा पाठ पढ़ेगी (D) वरुण गाँव गया था ।

54. गोपाल ईमानदार लड़का है । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है –
 (A) क्रिया विशेषण (B) सर्वनाम
 (C) विशेषण (D) अव्यय ।

55. पेड़ .............. बन्दर बैठा है । रिक्त स्थान क लिए उचित कारक चिह्न है ।
 (A) पर (B) से
 (C) में (D) को ।

IX. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. राजकुमार : तत्पुरुष समास :: पंचवटी : ...................................... ।

57. बेईमान : उपसर्ग :: पढ़ाई : .................................... ।

58. पर्वतावली : पर्वत + आवली :: पुरुषोत्तम : ............................... ।

59. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री :: जो कविताएँ लिखता है : ............................ ।

X. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

60. कस्तुरी कुण्डलि बसै, मृग ढूँढ़े बन माहि ।
ऐसे घटि-घटि राम है, दुनिया देखै नाहि ।

XI. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

61. वो सन्तरी हमारा ।

## विभाग "C"

## रचना

## ( वाक्य, पत्र लेखन, निबंध )

XII. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) ओझल हो जाना ।
    (b) वार करना ।

XIII. निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए : 5

63. अपनी बहन की शादी का कारण बताकर तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने जन्म दिन का निमंत्रण देते हुए मित्र के नाम एक पत्र लिखिए ।

XIV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **बारह-पन्द्रह** वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

64. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व
    ii) विज्ञान से हानि और लाभ
    iii) मेरे प्रिय राष्ट्रीय नेता ।